स्पेशल सीपी संजय सिंह को मिला 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन'

नई दिल्ली 17 मई(नवोदय टाइम्स): सराहनीय सेवाओं, सबसे कठिन परिस्थितियों में भी कानून-व्यवस्था को बनाए रखने, स्थिति से निपटने, सामाजिक शांति और सद्भाव बनाए बनाए रखने में अतुलनीय योगदान के लिए दिल्ली पुलिस के स्पेशल पुलिस कमिश्नर संजय सिंह को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह अवार्ड देश भर में 33 वर्षों तक सराहनीय सेवाओं के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया है।



संजय सिंह, स्पेशल पुलिस कमिश्नर

जिस भी विभाग में रहें तैनात वहीं बनाई पहचान

स्पेशल सीपी संजय सिंह की पहचान हर विभाग में रही है। 1990 बैच के वरिष्ठ आईपीएस ऑफिसर संजय सिंह का दिल्ली पुलिसिंग में लंबा अनुभव रहा है। संजय सिंह का जन्म दिल्ली में हुआ और उनके पिता भारतीय रेलवे में तैनात थे। संजय सिंह ने मसूरी के एक बोर्डिंग स्कूल से प्राइमरी शिक्षा और लखनऊ के केवी स्कूल से 12 कक्षा तक पढ़ाई पूरी की। जिसके बाद डीयू के हिन्दू कॉलेज से हिस्ट्री ऑनर्स में पढ़ाई पूरी करने के बाद सिविल परीक्षा पास कर 1990 में एजीएमयूटी कैडर से आईपीएस ऑफिसर बनें।

स्पेशल सीपी संजय वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन से पुरस्कृत

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर संजय सिंह को 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन' से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह अवार्ड देशभर में 33 वर्षों तक सराहनीय सेवाओं, सबसे कठिन परिस्थितियों में भी कानून-व्यवस्था को बनाए रखने, स्थिति से निपटने, सामाजिक शांति और सद्भाव बनाए रखने में अतुलनीय योगदान के लिए मिला है।

दिल्ली पुलिस में रियल सिंघम के नाम से प्रसिद्ध 1990 बैच के वरिष्ठ आईपीएस ऑफिसर संजय सिंह का दिल्ली पुलिसिंग में लंबा अनुभव रहा है। संजय सिंह का जन्म दिल्ली में हुआ और उनके पिता भारतीय रेलवे में तैनात थे। संजय सिंह ने मसूरी के एक बोर्डिंग



संजय सिंह
स्पेशल पुलिस कमिश्नर

स्कूल से प्राइमरी शिक्षा और लखनऊ के केवी स्कूल से 12वीं कक्षा तक पढ़ाई पूरी की, जिसके बाद डीयू के हिन्दू कॉलेज से हिस्ट्री ऑनर्स में पढ़ाई पूरी करने के बाद सिविल परीक्षा पास कर 1990 में एजीएमयूटी कैडर से आईपीएस ऑफिसर बनें। संजय सिंह तब से लगातार देश को अपनी सराहनीय सेवाएं दे रहे हैं। संजय सिंह की बतौर एसीपी पहली पोस्टिंग रोहिणी सब-डिवीजन में रही। इसके बाद एडिशनल डीसीपी वेस्ट, डीसीपी नॉर्थ-वेस्ट, डीसीपी ट्रैफिक, स्पेशल सीपी पुलिस हेडक्वार्टर, स्पेशल सीपी लॉ-एंड-ऑर्डर आदि अति महत्वपूर्ण कमान संभाली है। वर्तमान में वह स्पेशल सीपी लाइसेंसिंग एंड लीगल सेल की कमान संभाल रहे हैं। संजय सिंह जिनके नाम से गैंगस्टर कापंते हैं, असल जिंदगी में वह काफी विनम्र और सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं। उन्होंने अपने काम के बल पर अनेक अवार्ड हासिल किए, जिसकी लिस्ट काफी लंबी है और अब वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी उनका नाम दर्ज हो गया है।

दिल्ली के विशेष पुलिस आयुक्त संजय सिंह लंदन वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित

नई दिल्ली, 17 मई (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस में लाइसेंसिंग व लीगल सेल के स्पेशल कमिश्नर संजय सिंह लंदन के वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड ने सराहनीय सेवाओं के लिए सर्टिफिकेट अवार्ड देकर सम्मानित किया गया है।

संजय सिंह को यह अवार्ड देशभर में 33 वर्षों तक सराहनीय सेवाओं के लिए दिया गया है। अपराधियों के लिए बेहद सख्त छवि के अधिकारी रहे सुपर कॉप संजय सिंह 1990 बैच के आईपीएस अफसर हैं।

संजय सिंह का केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ दिल्ली पुलिस में काम का लंबा अनुभव रहा है। दिल्ली में जन्में संजय सिंह



■ **देशभर में 33 वर्षों तक सराहनीय सेवाओं के लिए दिया गया संजय सिंह को यह अवार्ड**

के पिता भारतीय रेलवे में तैनात थे। उनकी शुरुआती पढ़ाई मसूरी के बोर्डिंग स्कूल में हुई बाद में उन्होंने लखनऊ के केवी स्कूल से 12वीं कक्षा तक पढ़ाई पूरी की। कोलज के पढ़ाई के लिए वे फिर से दिल्ली आ गए और दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज से हिस्ट्री ऑनर्स में स्नातक किया। इसके बाद सिविल सर्विसेज परीक्षा पास कर 1990 में संजय सिंह एजीएमयूटी कैडर से आईपीएस बने।

वर्तमान में स्पेशल सीपी लाइसेंस एंड लीगल सेल में अपनी सेवाएं दे रहे संजय सिंह को बेहतरीन पुलिसिंग के लिए कई बार अनेक सामाजिक संगठनों तथा सरकार की तरफ से अवार्ड व सम्मानों से नवाजा गया है।



Mr. Sanjay Singh Special Commissioner (Licensing & Legal Division); Perception Management & Media Cell- Delhi Police was awarded with Certificate of Appreciation for his contribution in maintaining most difficult law and order situation during his 33 years of working all over the country. He got honour of being recorded his name in "World book of records, London"